**खबर संक्षेप**

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**कटनी।** राष्ट्रीय आयुष मिशन म.प्र. के निर्देश पर जिले के 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मंगलवार 14 अक्टूबर को ₹मौसमी बीमारियों में आयुष सेवायें₹ थीम के तहत प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बदलते मौसम से संबंधित रोगों की जांच, प्रकृति परीक्षण, उत्तम स्वास्थ्य हेतु आहार विहार, वर्तमान में होने वाले मौसमी बदलाव से होने वाले रोगों के उपचार की समीक्षा, योगाभ्यास, नियंत्रण एवं स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं दिनचर्या आदि एवं अन्य बीमारियों जैसे-आमवात, संधिवात, मधुमेह, उच्चरक्तचाप आदि रोगों का निःशुल्क इलाज एवं औषधि वितरित की जावेगी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा ने बताया कि खरखरी, खितौली, गणेशपुर भुडसा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरनमेहगवां, मुरवारी एवं कछगवां जोबा, में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में शिविर का आयोजन किया गया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. रेजा ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## 18 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई गईं पोलियो की दवा



**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद विकासखण्ड में पल्स पोलियो अभियान अभियान के तहत पहले दिन रविवार को बहोरीबंद विकासखंड में बूथ स्तरों पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।सुबह से लेकर देर शाम तक पोलियो की दवा पिलाने का क्रम जारी रहा। बहोरीबंद विकासखण्ड में पल्स पोलियो अभियान के लिए 280 बूथ बनाये गए।धरवारा मैं उपसरपंच ने किया शुभारंभ-स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत धरवारा में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ उपसरपंच अमित गर्ग ने दवा पिलाकर की।साथ ही सभी ग्रामवासियों से अपील की गई कि 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चो को अभिभावक पोलियो की खुराक आवश्य पिलाये।इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के संभाग स्तरीय स्वास्थ्य दल ने बहोरीबंद विकासखंड के स्लीमनाबाद व तेवरी मै बूथों का निरीक्षण कर पल्स पोलियो अभियान की नब्ज टटोली। बीएमओ डॉ आनंद अहिरवार ने बताया कि बहोरीबंद विकासखण्ड मैं 0 से 5 वर्ष के लगभग 24 हजार 378 बच्चों को पोलियो की दवा का सेवन कराया जाएगा।जिसमें पहलें दिन 18 हजार से अधिक बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक दी गईं। अभियान के लिए विकासखण्ड अंतर्गत 280 बूथ बनाये गए है।

### ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम अतरसुमा में लाश मिलने से सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

# रात में टहलने निकला प्रौढ़, सुबह खेत में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा थाना की सिलौड़ी चौकी के ग्राम अतरसूमा में रविवार की सुबह एक प्रौढ़ व्यक्ति का शव खेत में पेड़ के नीचे संदिग्ध अवस्था में मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ग्राम निवासी मुकेश पिता मचलेश्वर चनपुरिया (45 वर्ष) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि मुकेश शनिवार देर रात भोजन के बाद टहलने निकले थे, लेकिन फिर घर वापस नहीं लौटे। रविवार सुबह जब ग्रामीणों ने खेत की ओर जाते समय एक शव देखा, तो पास जाकर देखा कि वह मुकेश हैं। सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए।

जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश चनपुरिया रोजाना की तरह शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे घर से टहलने के लिए निकले थे। परिजनों के अनुसार, वे आमतौर पर आधे घंटे में लौट आते थे, लेकिन उस रात देर तक नहीं लौटे। परिवार ने पहले सोचा कि शायद वह किसी रिश्तेदार के यहाँ या परिचित से मिलने चले गए होंगे, मगर सुबह होते-होते



जब घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत के पास लोगों ने आम के पेड़ के नीचे उनका शव देखा, तो सबके पैरों तले ज़मीन खिसक गई।ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना सिलौड़ी चौकी पुलिस और ढीमरखेड़ा थाना पुलिस को दी। थोड़ी ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को चारों ओर से घेर लिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को शव के पास से कोई संघर्ष या झगड़े के स्पष्ट निशान नहीं मिले, लेकिन मृतक के पैर की उंगलियों पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे घटना का स्वरूप संदिग्ध माना जा रहा है।

### पुलिस ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया। टीमों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और विभिन्न कोणों से सबूत एकत्र किए। शव के पास मिट्टी के नमूने, पैरों के निशान और कुछ अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि ₹घटना प्रथम दृष्टया संदिग्ध लग रही है। शव के पास किसी तरह के संघर्ष या झगड़े के स्पष्ट प्रमाण नहीं मिले हैं, लेकिन मृतक के पैर में चोट के निशान और आसपास के हालात यह संकेत देते हैं कि मामला सामान्य नहीं है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मृतक मुकेश के परिजनों ने कहा है कि यह सामान्य मौत नहीं है। उनका कहना है कि मुकेश का किसी से कोई झगड़ा नहीं था, लेकिन हाल के दिनों में कुछ लोगों से उनका विवाद अवश्य हुआ था। परिवार का कहना है कि अगर मुकेश प्राकृतिक कारणों से मरे होते, तो उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं होते। परिजनों ने पुलिस से मामले की गहराई से जांच कर हत्या की दिशा में कार्यवाही करने की मांग की है।

### गांव में दहशत का माहौल

घटना की खबर फैलते ही अतरसूमा ग्राम में शोक और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। लोग यह विश्वास नहीं कर पा रहे कि शांत स्वभाव के मुकेश की इतनी रहस्यमय तरीके से मौत हो सकती है।

ग्रामीणों का कहना है कि मुकेश मेहनती, मिलनसार और सबके चहेते व्यक्ति थे। वे अपने खेतों में काफी समय बिताते थे और गांव के सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय रहते थे। एक ग्रामीण ने बताया, “रात को तो उन्हें टहलते हुए देखा था। वे हमेशा मुस्कुराते हुए बातें करते थे। सुबह जब पता चला कि वे नहीं रहे, तो पूरा गांव स्तब्ध रह गया।

### ”डॉग स्क्वॉड ने खेत से ली गंध, कुछ दूरी तक किया सर्च

मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए बुलाए गए डॉग स्क्वॉड ने शव से गंध लेकर खेत के किनारे तक सर्च किया। कुत्ता कुछ दूर तक गया और फिर सड़क के किनारे पहुंचकर रुक गया। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि संभवतः मृतक को खेत तक किसी वाहन से लाया गया हो या फिर घटना के बाद कोई व्यक्ति वहां से भागा हो। पुलिस इन सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

## लंबित प्रकरणों की अधिकारी करें हर दिन समीक्षा

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान सी.एम. हेल्पलाइन की लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपनी शाखाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों की रोजाना समीक्षा करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि यदि आप नियमित रूप से शिकायतों की समीक्षा करेंगे तो अनावश्यक रूप से शिकायतें लंबित नहीं होगी तथा उनका अविलंब संतुष्टिपूर्ण निराकरण हो सकेगा। बैठक के दौरान आयुक्त सुश्री परिहार द्वारा ग्रेडिंग की लंबित शिकायतों सहित साफ सफाई ,स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, सिविल, सीवेज, भवन अनुज्ञा, अस्थाई अतिक्रमण, प्रकाश व्यवस्था, उद्यान ,यांत्रिकी योजना प्रकोष्ठ, स्थापना पेंशन ,सामान्य प्रशासन ,समस्त जन कल्याणकारी योजनायें, स्थाई अतिक्रमण, समग्र आईडी की गैर तकनीकी समस्या (शहरी) सहित अन्य शाखाओं की लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों का तत्परता से संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश लेवल अधिकारियों को दिए।

**पंजीयन नहीं हो पाने से उपज नहीं बेच सकेंगे किसान, बताई पीड़ा**

## समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए पंजीयन की अवधि बढ़ाये जाने किसानों ने सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 में धान, ज्वार एवं बाजरा के समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए किसान पंजीयन की अंतिम अवधि 10 अक्टूबर थी लेकिन अवधि निकल जाने के बाद भी बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र मै सैकड़ो किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है किसानों का पंजीयन न होने से उनके सामने समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय की समस्या सामने आन खड़ी है।

धान पंजीयन की बढ़ाये अवधि किसानों ने सौपा ज्ञापन-समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए पंजीयन न हो पाने के कारण सोमवार को दर्जनो किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचकर धान



पंजीयन अवधि बढ़ाने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव को ज्ञापन सौपा।

### किसानों ने बताई समस्या

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि धान पंजीयन की अंतिम अवधि 10 अक्टूबर थी लेकिन कुछ किसानों के पंजीयन सर्वर की समस्या, फिगर प्रिंट डिवाइस न चलने एवं पंजीयन केंद्रों मै अधिक भीड़ होने के कारण नहीं हो पाए ओर कुछ किसान ऐसे भी है जिनके पिता की मृत्यु हो चुकी है उन किसानों की जमीनो मै फौती दर्ज नहीं हुई है तों उनके वारिसदार के नाम न होने से जिसका आप्सन ई-उपार्जन पोर्टल पर इस वर्ष नहीं दिया गया था!जिसके कारण ऐसे किसानों के पंजीयन नहीं हो पाए, जिससे किसान परेशान है।

### इनका कहना है

इस संबंध में सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला का कहना है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए पंजीयन की अवधि 10 अक्टूबर तक थी। आगे अवधि बढ़ेगी या नहीं यह राज्य शासन स्तर का विषय है। बहोरीबंद विकासखंड मै 17 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन हुआ है।

## पुलिस द्वारा जब्त मादक पदार्थों का हुआ विनष्टीकरण



पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थों का विधिवत विनष्टीकरण (डिस्ट्रक्शन) किया गया। पिछले कई महीनों के दौरान जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थों की बड़ी मात्रा जब्त की गई थी, जिनका न्यायालय के आदेशानुसार नष्टिकरण किया गया। विनष्टीकरण की यह कार्रवाई जे.के. सीमेंट लिमिटेड, अमानगंज, जिला पन्ना के सीमेंट संयंत्र की भट्टी के भीतर की गई। भट्टी के अंदर उच्च तापमान पर एक-एक करके मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया गया। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी एवं दस्तावेजीकरण भी कराया गया ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह, पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक जबलपुर संपत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राइम) जितेंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक कटनी उमराव सिंह तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दो मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस किये निलंबित

**तीन अन्य मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस पर भी अग्रिम आदेश तक रोक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा की गई जांच के बाद नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर दो मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस को 5 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। वहीं ढीमरखेड़ा के 3 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस पर भी अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी गई है।

औषधि निरीक्षक दल द्वारा अग्रवाल मार्केट, स्लीमनाबाद तिराहा स्थित विनायक मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स एवं समदड़िया कॉलोनी, माधवनगर, कटनी स्थित एस. एस. मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स की जांच की गई थी। जांच के दौरान इन दोनों मेडिकल स्टोर्स द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940, नियमावली 1945 के नियम 65 (3) (4) का उल्लघंन होना पाये जाने पर दोनों दुकान संचालकों को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। परंतु उनका संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी मनीषा धुर्वे ने कार्यवाही करते हुये इन दोनों दुकानों को प्रदत्त औषधि अनुज्ञप्तियां पांच दिवस हेतु निलंबित कर दी है। निलंबन की अवधि में दोनों दुकानों से औषधियों का क्रय-विक्रय पूर्णतः बंद रहेगा।

इसी प्रकार औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम सिलौड़ी स्थित मेडिकल स्टेर्स के निरीक्षण हेतु दौरा किया गया। इस दौरान राय मेडिकल स्टोर्स, आरोग्य ड्रग स्टोर्स एवं सचिन फार्मेसी बंद पाई गई। दुकान बंद पाये जाने के संबंध में तीनों दुकान संचालकों को कारण बताओ सूचना पत्र दिया गया एवं औषधि अनुज्ञप्तियों से संबंधित समस्त दस्तावेज, क्रय-विक्रय बीजक, फार्मासिस्ट सहित कार्यालय में उपस्थित होने हेतु कहा गया था। परंतु, उनके द्वारा कारण बताओ नोटिस का जवाब कार्यालय में नियत तिथि तक प्रस्तुत नहीं किया गया।

चाहे गये समस्त दस्तावेजों के साथ इन तीनों दुकान संचालकों के कार्यालय में उपस्थित नहीं होने एवं समस्त दस्तावेजों की जांच नहीं होने तक औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा तीनों दुकानों को प्रदत्त औषधि अनुज्ञप्तियाँ अग्रिम आदेश तक के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित की गई हैं। निलंबन की अवधि में दुकानें पूर्णतः बंद रहेगी एवं औषधियों का क्रय विक्रय पूर्णतः बंद रहेगा।

**महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुआ आयोजन**

## मानसिक तनाव एवं स्वयं को बेहतर ढंग से समझने करना चाहिए आत्मविश्लेषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मै भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान मै विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष आशुतोष सोनी ने कहा कि आज के समय मै मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक हो गया है, क्योंकि यह न केवल के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है बल्कि समाज के संतुलन को भी निर्धारित करता है। भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 12 से 13 प्रतिशत भाग किसी न किसी रूप मै मानसिक



स्वास्थ्य संबंधी समस्याओ से जूझ रहा है जिस पर समाज एवं शासन दोनों को गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। आगे उन्होंने कहा कि व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ ओर संतुलित बनाये रखने मै चार पहलुओं कि पहचान सहायक सिद्ध होती है!प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन मे इन चार आयामों का आत्मविश्लेषण करते रहना चाहिए ताकि वह स्वयं को बेहतर ढंग से समझ सके ओर मानसिक तनाव से मुक्त रह सके। वहीं भौतिकी विभाग सहवक्ता सत्येंद्र सोनी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल चिकित्सकीय विषय नहीं है, बल्कि यह एक नैतिक जिम्मेदारी भी है।

प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वें अपने जीवन मै सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं, सह -अनुभूति रखें ओर मानसिक रूप से सशक्त समाज के निर्माण मै योगदान दे।ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रीत नेगी ने कहा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना, संवाद को प्रोत्साहित करना ओर सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सुलभ बनाने के प्रयासों को सक्रिय करना है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम, आपदाओं ओर आपात स्थितियों मै मानसिक स्वास्थ्य यह दर्शाती है कि प्राकृतिक आपदाओं, सश संघर्षो ओर महामारी जैसी संकट स्थितियों मै मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करना कितना महत्त्वपूर्ण है।

**बच्चों को उपहार भेंटकर, पढ़ाई-लिखाई के बारे में ली जानकारी**

## कलेक्टर ने बच्चों से कहा- कोई समस्या हो तो बेझिझक बताएं....मैं हूँ ना..

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के अपने चैंबर में सोमवार को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना से लाभांवित हो रहे बच्चों से भेंटकर आत्मीय संवाद किया और उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बच्चों से कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत या समस्या हो तो वे बेझिझक बतायें – चिंता की कोई बात नहीं, मैं हूँ ना...., किसी भी समय आप दूरभाष पर या यहाँ आकर अपनी समस्या मुझे बता सकते हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने बच्चों से मुलाकात के दौरान उन्हें उपहार भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य में आगे



बढ़ने के लिये प्रेरित किया। कलेक्टर ने बच्चों से चर्चा के दौरान उन्हें अभी मिल रही सुविधाओं और वित्तीय सहायता की जानकारी ली और उन्हें आगे भी जिला प्रशासन से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत जिन बच्चों ने 11 मार्च 2020 से शुरू हुई अवधि के दौरान कोविड-19 महामारी के समय अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावक या दत्तक माता-पिता या जीवित माता-पिता दोनों को खो दिया है, उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाता है। इस योजना के तहत बच्चों की व्यापक देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य बीमा व शिक्षा के माध्यम से उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इन सभी बच्चों को 23 साल की उम्र में 10 लाख रूपये मिलेंगे। वर्तमान में इन्हें प्रतिमाह साढ़े 5 हजार से लेकर 6 हजार रूपये प्रतिमाह तक की वित्तीय सहायता मिल रही है।

सहायक संचालक महिला सशक्तिकरण वनश्री कुर्वेती ने बताया की कटनी जिले में वर्तमान में कोविड-19 की अवधि के दौरान माता-पिता को खोने वाले 4 बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना से लाभांवित किया जा रहा है। इनमें आजाद चौक निवासी रूचि चौरसिया और झर्रा टिकुरिया निवासी मानसी कोरी व शिवानी कोरी तथा बी डी अग्रवाल वार्ड के बी कॉम फर्स्ट ईयर के छात्र अर्पित जैन शामिल है।

बाल संरक्षण अधिकारी मनीष तिवारी ने बताया कि शिवानी कोरी और अर्पित जैन को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम के अलावा मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के तहत भी प्रतिमाह 5 हजार रूपये मिल रहा है। जो इन दोनों को 21 साल कि उम्र तक मिलता रहेगा। इसके अलावा पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन के चारों लाभार्थी बच्चों को कोविड-19 योजना के तहत निःशुल्क खाद्यान्न की पर्ची और पाँच लाख रूपये तक का निःशुल्क उपचार करा सकने के लिए आयुष्मान कार्ड भी बना है। इसके अलावा 18 वर्ष की आयु तक इन चारों बच्चों को 4 हजार रूपये प्रतिमाह स्पांसरशिप योजना के तहत भी लाभ मिला है।

## साइबर ठगी से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बड़वारा

शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में पुलिस थाना बड़वारा से उपस्थित रामनाथ साकेत प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह गौरीशंकर सुरेंद्र ठाकुर के द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी से संबंधित विविध प्रकार की जानकारियां प्रदान की गई जिसमें छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं के प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया साथ ही मोबाइल का उपयोग सावधानीपूर्वक करने हेतु बात कही गई।

### शेयर न करें जानकारी

इस अवसर पर उपस्थित हाई स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रचना तिवारी द्वारा भी छात्र छात्रों को साइबर ठगी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई साथी विद्यालय के शिक्षक अरविंद तिवारी द्वारा भी



महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया कार्यक्रम में निभाई।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य चंदन सिंह, वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया, कर्ण सिंह, सरिता शर्मा, बिनोद सिंह,घनश्याम चौधरी ,मोहन निगम ज्ञानेन्द्र हल्दकर, आरती तिवारी,सीता विश्वकर्मा, सुचिता गुप्ता,महेंद्र गौतम, महेंद्र नारायण मिश्रा, लाल बहादुर सोनी,संजय कोल ,धनंजय यादव, विभा द्विवेदी , अंकिता राठौर, हेमलता जयपुरिया,ओंकार दुबे, उर्मिला कोरी, अपूर्वा तिवारी, शीला त्रिपाठी,स्नेहल देहरिया, रश्मि सिंह, आशिका महोबिया,अनिल अरकरे,मनीष विश्वकर्मा, सुशील भूमिया, निधि चढ़ार आदि की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन उपार्जन हेतु पंजीयन शुरू

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश पर खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में भावांतर योजना के अंतर्गत जिले में सोयाबीन हेतु कृषकों का पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल पर शुरू है। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है। जबकि राज्य शासन द्वारा फसल विक्रय हेतु भावांतर अवधि 24 अक्टूबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त सहकारिता ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार की रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजनान्तर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर कोदो एवं कुटकी हेतु पंजीयन कार्य भी शुरू है। कृषक 24 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिले में पंजीयन हेतु 11 उपार्जन पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं। जिनमें सहकारी समिति मर्यादित विजयराघवगढ, सिन्गौड़ी, रीठी, बकलेहटा, पिपरियाकला, बड़वारा, विलायतकला, झिन्नापिपरिया, सिलौडी, स्लीमनाबाद तथा विपणन सहकारी समिति कटनी का निर्धारण किया गया है। इन केन्द्रों पर कृषक पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### वार्डो में फॉगिंग मशीन से कीटनाशक का छिड़काव

**कटनी।** नगर निगम द्वारा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निर्धारित कैलेंडर अनुसार शहर के विभिन्न वार्डों में फॉगिंग मशीन के माध्यम से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम की स्वास्थ्य विभाग टीम के द्वारा रविवार रात्रि माधवनगर स्थित संम कंवरराम वार्ड और महाराणा प्रताप वार्ड की विभिन्न मार्गो, कॉलोनी, एवं बस्तियों सहित संवेदनशील क्षेत्रों में फागिंग मशीन के माध्यम से विशेष रूप से छिड़काव कर नागरिकों को मच्छरजनित बीमारियों से राहत प्रदान करने का कार्य किया जाकर नागरिकों से अपील की गई है कि घरों एवं आसपास पानी न ठहरने दें तथा स्वच्छता बनाए रखें, ताकि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हो सके।

### मंदिरों की पूजन सामग्री का किया गया संग्रहण

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था के साथ ही मंदिरों से निकलने वाली पूजन सामग्री के उचित निस्तारण हेतु वार्ड क्रमांक 41 स्थित समदड़िया कॉलोनी स्थित श्री सिद्ध महाराज मंदिर,श्री आदिशक्ति मंदिर, वार्ड क्रमांक 31 लोकेश्वर महादेव मंदिर, शंकर जी का मंदिर, शिवधाम मंदिर, वार्ड क्रमांक 7 स्थित जगन्नाथ मंदिर, सहित नगर के अन्य मुख्य मंदिरों से पूजन सामग्री के संग्रहण का कार्य किया गया।

### जल संरचनाओं में खरपतवार के सर्वेक्षण करने के निर्देश

**कटनी।** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों की जल संरचनाओं के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकायों के समस्त आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी और नगर परिषद को आयुक्त नगरीय प्रशासन श्री संकेत भोंडवे ने पत्र जारी कर निर्देश दिए है। निर्देशों में कहा गया है कि शहरी क्षेत्र की झील एवं तालाब में आक्रमक रूप से खरपतवार तेजी से फैल रहे है। इसका नकरात्मक प्रभाव जलीय संरचनाओं पर पड़ रहा है। इसके दुष्प्रभाव से पानी में ऑक्सीजन की कमी के साथ ही जलीय जंतुओं एवं वनस्पति में लगातार गिरावट आ रही है। जैव विविधता की कमी से मानव स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ रहा है। पत्र में कहा गया है कि जलीय संरचनाओं में सर्वाधिक अतिक्रमण करने वाले मुख्य प्रजाति जल कुंभी, बेशरम बेल और गाजर घास प्रमुख है। नगरीय एवं विकास संचालनालय ने जीआईएस तकनीक के माध्यम से प्रदेश की जल संरचनाओं में जल कुंभी द्वारा अतिक्रमित क्षेत्रों की पहचान की है। इसकी सूची संबंधित नगर निगमों, नगर पालिका और नगर परिषद को भेजी गई है। नगरीय निकायों को अपने क्षेत्र की समस्त वेटलैंड सर्वेक्षण करने के लिये कहा गया है। सर्वेक्षण के बाद विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) 15 दिन के अंदर भेजने के लिये कहा गया है। साथ ही खरपतवार हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

### सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई-केवाईसी, समय-सीमा शिकायतों, फार्मर रजिस्ट्री सहित लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# बीईओ का वेतन काटने निर्देश, कार्यपालन यंत्री थमाया शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई-केवाईसी, समय-सीमा शिकायतों, फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर और नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार मौजूद रहीं।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान बड़वारा बीईओ को विकासखंड मुख्यालय से बिना अनुमति अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुये दो दिन का वेतन काटने का निर्देश देते हुये कहा कि ब्लॉक लेवल के सभी अधिकारी समय-सीमा बैठक में विकासखंड मुख्यालय में उपस्थित होकर वर्चुअल रूप से अवश्य जुड़े। अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार कलेक्टर ने बैठक में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कैमोर एवं बरही सीएमओ को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर हितग्राहियों को ऋण वितरण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित आने वाले आवेदनों और रिक्तियों पर कलेक्टर कार्यालय को जानकारी भेजने के निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि रिक्त पदों की वास्तविक जानकारी देना सुनिश्चित करें।

#### कलेक्टर ने जताया असंतोष

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में चल रहे राष्ट्रीय माह के अंतर्गत पोषण ट्रैकर अभियान में चिन्हांकित कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की संख्या, नई बनायी गई आभा आईडी, अपार आईडी एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत नवीन पंजीयन की समीक्षा की। कलेक्टर ने सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा कम अपार आईडी बनाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया।

#### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये सभी अधिकारियों को शिकायतों का एनालिसिस कर बैठक में आने के निर्देश दिए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को शीघ्र संतुष्टिपूर्वक बंद कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने खनिज विभाग द्वारा शिकायतों को निम्न गुणवत्ता पर बंद कराने एवं विभाग द्वारा शिकायतों के नॉन अटेंडेंट पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की। इसी प्रकार कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की प्रदेश में खराब रैंक पर गहन नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर को जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत लंबित भुगतान से संबंधित शिकायतों को गंभीरता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए।





कलेक्टर श्री तिवारी ने जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, ग्रामीण अभियांत्रिकी, पीएचई को लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण कर रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए।

#### समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने समग्र ई-केवाईसी के साप्ताहिक प्रगति के समीक्षा के दौरान नगर निगम की ई-केवाईसी कार्य की धीमी गति में तेजी लाने के निर्देश निगमायुक्त को दिये। उन्होंने नगर परिषद विजयराघवगढ़, कैमोर एवं बरही के सीएमओ को भी बेहतर कार्य की नसीहत दी। इसी प्रकार उन्होंने जनपद पंचायत रीठी की भी कम साप्ताहिक प्रगति पर ई-केवाईसी कराने की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अंतर्गत ई-केवाईसी की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि अब तक 2 हजार 593 ई-केवाईसी की जा चुकी है एवं 7 हजार 111 नये आवेदकों को पोर्टल में दर्ज किया गया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला आपूर्ति अधिकारी एवं सभी एसडीएम को राशन विक्रेताओं द्वारा ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर श्री तिवारी ने फार्मर रजिस्ट्री की भी समीक्षा की और प्रगति को शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी न्यायिक तहसीलदारों को पटवारियों के पास लंबित प्रकरणो की अद्यतन जानकारी रखने के भी निर्देश दिए।

#### लंबित प्रकरणों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर भू-अर्जन के अंतर्गत लंबित प्रकरणों, कलेक्टर न्यायालय में भू-आबंटन के लंबित प्रकरणों एवं लंबित पेंशन प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर को दिए।

## दीनदयाल जयंती एवं स्वदेशी जागरण सप्ताह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और स्वदेशी जागरण सप्ताह के अंतर्गत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, विशिष्ट अतिथि द्वय भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुश्री अंकिता तिवारी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के सहायक प्रबंधक राम सुजान द्विवेदी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।



कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि महापुरुषों का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से परिषद द्वारा इस प्रकार के आयोजन संपूर्ण प्रदेश में किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में यह आयोजन कटनी में किया गया है।

अतिथियों के उद्बोधन के क्रम में सर्वप्रथम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एनआरएलएम के सहायक प्रबंधक रामसुजान द्विवेदी ने बताया पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार वर्तमान परिस्थितियों में प्रासंगिक है, जिस कारण से सरकार के द्वारा भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है इसी एकात्ममानववाद की कल्पना पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने की थी। उन्होंने स्वदेशी जागरण सप्ताह के अंतर्गत युवाओं को संकल्प लेकर स्वदेशी अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में ही उपस्थित सुश्री अंकिता तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मक मानववाद से प्रेरित होकर सरकार द्वारा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुए उपस्थित जनों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।

श्री टंडन ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का व्यक्तित्व बहु आयामी था।

## बिना नंबर बाइक चलाने वालों पर हुई चालानी कार्यवाही



पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा शहर में बिना नंबर प्लेट, धुंधली प्लेट एवं अवैध नंबर प्लेट लगाकर चलने वाले वाहनों पर विशेष अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 50 वाहनों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध समन शुल्क 25 हजार वसूल किया गया। पुलिस द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि सभी वाहन चालक अपने वाहनों पर स्पष्ट एवं विधि सम्मत नंबर प्लेट लगाना सुनिश्चित करें। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे नियमों का पालन करें, नंबर प्लेट लगाएँ और सुरक्षित यातायात में सहयोग करें।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खाद्य पदार्थों की दुकानों से नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत मिठाई की दुकानों में साफ-स्वच्छ गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां, नमकीन एवं अन्य खाद्य सामग्री का निर्माण और विक्रय सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा सोमवार को खाद्य पदार्थों की दुकानों की जांच करते हुये नमूने लिये गए।



जांच टीम द्वारा मामा स्वीट्स एंड बेकर्स दुकान से मिल्क केक, पिस्ता बर्फी, मैसूर पाक के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी प्रकार स्टेशन रोड स्थित जायसवाल नमकीन से नमकीन, मिल्क केक, दूध बर्फी के नमूने लिये गये। गोलू ढाबा एवं स्वीट्स से छेना, सैंडविच, मिल्क केक, मगज लड्डू, बूंदी लड्डू, कैडबरी सेलिब्रेशन, नमकीन के कुल 6 सैंपल लिए गए। इसके अतिरिक्त बस स्टैंड स्थित साईं स्वीट्स से खोवा एवं बर्फी के नमूने लिए गए। इन सभी नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई तहसीलदार आशीष अग्रवाल और तहसीलदार ऋषि गौतम के नेतृत्व में की गई।

### स्वीप अभियान के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप अभियान के तहत प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ़कर सहभागिता की गई। इस दौरान डॉ अरविंद सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण जनवरी 2026 के लिए जारी कार्यक्रम अंतर्गत 8 अक्टूबर 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने और नाम हटवाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र नागरिक ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से फॉर्म 6 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन कर सकते हैं। साथ ही नाम या किसी अन्य जानकारी को बदलने या स्थान में परिवर्तन कराने के लिए जरूरी फॉर्म 7 एवं 8 के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया।



प्राचार्य प्रो आर. के. त्रिपाठी ने बताया कि मतदाता सूची में संबंधित सभी कार्यों की अधिक से अधिक जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा जारी टोल फ्री नम्बर 1950, वोटर हेल्प लाइन ऐप या बी. यल. ओ. से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन की प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं को जागरूक कर मतदाता सूची में उनका नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने अपील की गई।

### विद्यार्थियों एवं समाज को गौरवान्ति करने पर किया सम्मानित



**विजयराघवगढ़।** अठघरा बघेल परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आज ग्राम पथरहटा में दशहरा मिलन. शस्त्र पूजन के साथ प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान साथ ही समाज के जन- प्रतिनिधि समाज को गौरवान्वित करने वाले को शील्ड श्रीफल से सम्मानित किया गया साथ में अठघरा बघेल परिवार के वरिष्ठ जनों का श्रीफल साल से मंच में आसींन कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय सिंह बघेल खेरवा और शैलेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभावान प्रवीण सूची में आने वाले विद्यार्थियों नाम.. नैंसी सिंह अनुष्का सिंह तेजस्विनी सिंह मृत्युंजय देव सिंह. और समाज को गौरवान्वित करने वाले जनप्रतिनिधि का नाम आर्यमन सिंह लेफ्टिनेंट डॉक्टर श्रुति सिंह खुशबू सिंह अजय सिंह राजेश सिंह अनिरुद्ध सिंह कल्पना विपिन सिंह सचिंद्र सिंह सिद्धार्थ सिंह. जनप्रतिनिधियों में सुनील सिंह रविंद्र सिंह उपासना सिंह शिवानी सिंह कल्पना सिंह योगेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह.. प्रमुख वक्ताओं में नीरज सिंह बघेल गुनौर अशोक सिंह बघेल धीरेंद्र सिंह बघेल, निगहरा सरपंच बृजेंद्र सिंह अन्य वक्ताओं ने अपने वक्तव्य रखें।

### जरूरतमंद परिवारों को कपड़े, मिठाई, पटाखें का किया गया वितरण

**कटनी।** दीपावली के पावन अवसर पर कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी (रजि.) द्वारा आज "दीवाली दिल से" अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों कैलवारा खुर्द अंतर्गत टिकरिया टोला एवं झुर्री गांव में पहुँचकर लगभग 350 बच्चों और 100 जरूरतमंद परिवारों के बीच फटाके, खिलौने, कपड़े, मिठाई, बिस्किट, नमकीन और अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष टीनू सचदेवा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि दीपावली की खुशियाँ केवल शहरों तक सीमित न रहें, बल्कि हर गाँव और हर परिवार तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरों पर झलकती मुस्कान ने इस अभियान की सफलता को सार्थक बना दिया। संस्था की महिला टीम प्रमुख श्रीमती मंजू शर्मा के नेतृत्व में महिला सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई और स्वयं आगे बढ़कर कपड़े, मिठाई एवं अन्य सामग्री वितरित की। कार्यक्रम के दौरान गाँव के बच्चों में अपार उत्साह देखने को मिला। खिलौने और मिठाइयाँ पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

### राजस्व वसूली आपकी जिम्मेदारी है, इसका निर्वहन ईमानदारी से करें

## करदाताओं के घर-घर दस्तक देकर बकाया राजस्व की करें वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राजस्व वसूली आपकी जिम्मेदारी है, निगम की आय में वृद्धि होने से ही नगर विकास के कार्य एकरूपता से कराये जा सकते है। उक्त आशय के उद्गार निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सोमवार को आयोजित नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा की जा रही वसूली कार्य की समीक्षा बैठक के दौरान व्यक्त किये।



बैठक के दौरान उन्होंने कर वसूली का लक्ष्य बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए मासिक, साप्ताहिक एवं प्रतिदिन का टारगेट निर्धारित कर लक्ष्य अनुरूप ही वसूली कार्य करनें के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि बड़े एवं छोटे बकायादारों की सूची तैयार कराते हुए विस्तृत कार्ययोजना के तहत सभी के घर-घर पहुंचकर उनसे संपर्क किया जाए तथा बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा कराएं।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने समीक्षा बैठक में राजस्व अमले को हिदायत देते हुए यह भी कहा कि वसूली अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। दिसंबर तक निर्धारित टारगेट पूर्ण किए जावें। उन्होंने जिन करदाताओं के द्वारा बकाया करों की राशि बार-बार सूचित करने के बाद भी जमा नहीं की जा रही है उनके विरूद्ध कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि वसूली कार्य के मद्देनजर कार्ययोजना बनाकर राजस्व अमले के साथ-साथ नगर निगम की अन्य शाखाओं के अधिकारियों की भी राजस्व वसूली में ड्यूटी लगाई जाएगी तथा टाईमलाईन निश्चित कर वार्डवार वसूली कार्य हेतु आवश्यक प्रचार-प्रसार कराना भी सुनिश्चित करें। वहीं निगमायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन अधिकारियों के द्वारा लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने में लापरवाही की जाएगी वे कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

इसके पूर्व बैठक में निगमायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों से उनका परिचय प्राप्त कर निगम की वसूली बढाने हेतु आवश्यक सुझाव लिए तथा वसूली कार्य के दौरान आ रहीं समस्याएं भी सुनी जाकर उनका निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

उन्होंने अधिकारियों से निगम की सालहाल की कुल डिमांड, वसूली की प्रक्रिया, बिल बनाने की प्रक्रिया, ई नगर पालिका पोर्टल की सुविधाएँ, वसूली कार्य में संलग्न कुल अधिकारी एवं कर्मचारियों की संख्या, कर निर्धारण का तरीका, टेक्स की गणना, नगर में स्थापित बड़ी इकाईयों की विस्तार से जानकारी ली तथा शासकीय संपत्तियों का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## बूथों में चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

कांग्रेस द्वारा भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाते हुए अभियान तेज कर दिया गया है। विजयराघवगढ़ में भी वोट चोर, गद्दी छोड़ के स्वर मुखर होने लगे हैं। वार्ड क्रमांक 15 में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा वोट चोरी की जाती है और इसी के बलबूते अपनी जीत दर्ज कराई जाती है। कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी मयंक त्रिपाठी ने कहा कि हमारे प्रत्याशी सीधे सरल तरीके से चुनाव लड़ते हैं, जबकि भाजपा चुनाव जीतने के लिए हमेशा ही प्रायोजित तरीके से षडयंत्र रचती है।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि हम हर बार सरकार बनाने की कोशिश करते हैं लेकिन भाजपा द्वारा वोटों की चोरी करके कांग्रेस के प्रयासों को विफल कर देती है। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी भाजपा द्वारा की जाने वाली वोट चोरी का पुरजोर विरोध करेगी। इसके लिए न्यायालय की शरण भी लेनी पड़ी तो लेंगे। कांग्रेस ने कहा कि बिहार में 65 लाख मतदाताओं को रिजेक्ट किया गया जबकि फाल्स वोटरों के नाम जोड़े गए हैं। विधानसभा प्रभारी मयंक त्रिपाठी ने कहा कि निर्वाचन आयोग भाजपा के एजेंट की तरह कार्य कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे के साथ प्रत्येक ब्लॉक, प्रत्येक बूथ में हस्ताक्षर अभियान चलाएगी जिसकी शुरुआत भी हो चुकी है। बताया गया कि अभियान के तहत 5 करोड़ मतदाताओं के हस्ताक्षर दर्ज करने का लक्ष्य कांग्रेस द्वारा निर्धारित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**दमोह।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किये जा रहे है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़ में एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान डॉ. अभिजीत त्रिपाठी, मानसिक रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय दमोह ने शिविर में पहुँचे लाभार्थियों से उनके मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से स्क्रीनिंग की गई। जिसमें मानसिक तनाव, अवसाद, चिंता इत्यादि समस्याओं की पहचान कर उचित परामर्श एवं उपचार दिया गया। इस दौरान नर्सिंग ऑफीसर मंजू मर्सकोले एवं तहमीना खान मौजूद रहीं। डॉ. त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के महत्व, तनाव कम करने के उपाय के बारे में जानकारी दी गई। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और तनाव प्रबंधन के लिए गहरी सांस से जुडे व्यायाम के बारे में बताया।

### नवागत पुलिस अधीक्षक ने अमानगंज पुलिस थाना का किया औचक निरीक्षण

**अमानगंज पन्ना।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र की व्यवस्थाओं, घटना, दुर्घटनाओं के अतिरिक्त कानून व्यवस्था का जायजा लेने जिले की नवागत पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू अमानगंज पहुंची जहां सबसे पहले तो आपने नगर का एक चक्कर लगाते हुए पुलिस थाना का औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं से अवगत होते हुए कानून व्यवस्था की जानकारी संलग्न की नगर और क्षेत्र के विषय में समुचित जानकारी थाना प्रभारी रवि जादौन से संलग्न की इसके पहले आप अपने बहन से नगर का एक राउंड कर चुकी थी और हिनौती स्थित वेयरहाउस का चक्कर लेते हुए सड़क दुर्घटनाओं के कुछ महत्वपूर्ण घटनास्थल का भी अवलोकन करने आप पहुंची इस विषय में जब स्थानीय मीडिया से आपकी चर्चा हुई तो आपका कहना था कि नगर और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत रखने की दृष्टि से राज्य शासन गृह विभाग का जो मार्गदर्शन होता है उसके अंतर्गत मैं पुलिस थाना मुख्यालय अमानगंज का औचक निरीक्षण किया है।

# सप्ताहिक समाधान में सात केस में से चार केस का समाधान तुरंत-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने साप्ताहिक समाधान में सात प्रकरणों की सुनवाई की। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सप्ताहिक समाधान में 07 केस लिए गए थे, 07 केस में से 04 केसो का समाधान तुरंत हो गया है, 2-3 केस के समाधान में अभी समय है, क्योकि उसमें जिला स्तर की प्रक्रिया पूर्ण होनी है, 01 केस मे सिंगल क्लिक से पैसे भुगतान होना है, 01 केस संबल का था उनकी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने कहा जब सिंगल क्लिक से भुगतान होगा तो उनको भुगतान मिल जायेगा। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सम्मान निधि के एक केस का समाधना हो गया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी उसमें सिंगल क्लिक से राशि डालेंगे तो उनको उनकी पुरानी राशि एरियर सहित प्राप्त हो जाएगी। तीसरा केस एक महिला का है, जो दिव्यांग है, जिसमें अभी समय लगेगा, जिस तरह की दिव्यांगता है उसकी विशेषज्ञता जबलपुर मेडिकल कॉलेज में ही है, तो उनको सलाह दी गई कि वहाँ जाकर उसका प्रमाण पत्र बनवाए। यह निर्देश दिए है कि उसमें उनको आने-जाने और डॉक्टरों से बात करने का काम अधिकारी करेंगे, उनको निशुल्क यहां से भेजेंगे ,डॉक्टरों से बात करेंगे ताकि तत्काल उनकी मेडिकल जांच हो जाए। उन्होंने बताया इसी प्रकार से एक मनरेगा की मजदूरी का मामला था जिसमें तकनीकी त्रृटि के कारण उस व्यक्ति का लगभग 15,000 रुपए के आसपास की मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ था, आज ही भुगतान करा दिया गया है। इस प्रकार से 7 में से 4 केसेस का तुरंत समाधान हो गया है, 3 केसेस में से 2 केसेस में भी समाधान हो गया है, जैसे ही सिंगल क्लिक से राशि जाएगी उनको मिल जाएगी और एक केस में जबलपुर मेडिकल कॉलेज से रिपोर्ट आने के बाद उनका समाधान हो सकेगा।

## पोषण आहार कार्यक्रम का आयोजन




**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह की राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण आहार कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जी .पी .चौधरी जी के संरक्षण किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ एन पी नायक ,वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अरुण एम जैन ,डॉ अवधेश जैन ,अतिथि विद्वान डॉ हरनाम सिंह राय ,डॉ चंद्र शेखर राठौर ,श्री मति अनुभा तिवारी,संतोष कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थित रही। इसमें डॉ आराधना श्रीवास ने सभी बच्चों को पोषण आहार की जानकारी उपलब्ध कराई तथा प्रतिदिन खाने योग्य भोजन जैसे गेहूं, चावल, विभिन्न प्रकार की डालें, राजमा आदि की उपयोगिता को भी स्पष्ट किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती चौरसिया एवं सदस्य डॉ उमेश दीपांकर ,डॉ कल्याणी राय द्वारा किया गया। डॉ कल्याणी राय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की एवं डॉ राजेश पौराणिक द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों को पकड़ा

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक दमोह के विशेष निर्देश पर यातायात पुलिस दमोह द्वारा विगत रात्रि में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर चेकिंग कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही मोबाइल चैकिंग के द्वारा शहर के बायपास रोड पर की गई थी। कार्यवाही में 02 ट्रक,01 बल्कर एवं 01 ट्रेलर के चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते पाए गए। उक्त चारों चालकों के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर आज माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे। चारों प्रकरणों पर माननीय न्यायालय द्वारा 10,000 - 10,000 कुल 40,000/- रूपये का जुर्माना लगा कर वाहन वाहन मालिकों के सुपुर्द किए।

# राष्ट्रीय पोषण आहार कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण आहार कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जी .पी .चौधरी जी के संरक्षण किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एन.पी नायक, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरुण एम. जैन, डॉ. अवधेश जैन, अतिथि विद्वान डॉ. हरनाम सिंह राय, डॉ. चंद्रशेखर राठौर, अनुभा तिवारी, संतोष कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थित रही। इसमें डॉ. आराधना श्रीवास ने सभी बच्चों को पोषण आहार की जानकारी उपलब्ध कराई तथा प्रतिदिन खाने योग्य भोजन जैसे गेहूं, चावल, विभिन्न प्रकार की डालें, राजमा आदि की उपयोगिता को भी स्पष्ट किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी भारती चौरसिया एवं सदस्य डॉ. उमेश दीपांकर, डॉ. कल्याणी राय द्वारा किया गया। डॉ. कल्याणी राय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की एवं डॉ. राजेश पौराणिक द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

## फुटेरा तालाब में किया गया श्रमदान

**दमोह।** साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर आज फुटेरा तालाब की सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उम्मीद टीम, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्य तथा नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी सहित नगर पालिका की टीम श्रमदान के दौरान मौजूद थी। कार्यक्रम का उद्देश्य तालाब को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण-मुक्त बनाना रहा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शाम तक तालाब की पूर्ण सफाई सुनिश्चित की जाए तथा नियमित रूप से स्वच्छता कार्यों की मॉनिटरिंग की जाए।

## हुज़ूर गौसे आज़म कॉन्फ्रेंस संपन्न



**दमोह।** नगर के धरमपुरा वार्ड के जन्नत पैलेस में मुस्लिम महिलाओं की संस्था दींन और ख़्वातीन कमेटी के ज़ेरे एहतमाम एक दिवसीय हुजूर गौसे आज़म कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ जिंसमें मुस्लिम महिलाओं के लिए एक दिवसीय इस्लाही तक़रीर कार्यक्रम रखा गया और बच्चियों नें नातिया कलाम पढ़े इस दीनी जलसे में मुख्य वक्ता के रूप में जबलपुर से गोल्ड मेडलिस्ट मोहतरमा मुफ्ती, आलिमा, हज्जन डॉ. अज़रा फातिमा साहिबा तशरीफ़ लाई इसके अलावा दीन और ख़्वातीन कमेटी गड़ी मोहल्ला की ज़िया फ़ातिमा और शहर की तमाम हज्जन साहिबा के अलावा नगर की अकीदतमंद मुस्लिम महिलाएं और बच्चियां मौजूद रहीं । कॉन्फ्रेंस कामयाब रही कार्यक्रम में पहुँची महिलाओं ने बताया कि मेहमान आलिमा ने बड़ी आसान अल्फाज़ो में हमारे समाज की बहिन बेटियों को समझाइश दी महिलाओं का कहना था इस तरह के आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिए ताकि दीनें इस्लाम की पूर्ण जानकारी हम सब मां बहनों को होती रहे।

# हर चैत्यालय में पाठशाला का संचालन हमारा लक्ष्य

## सूखा जी में महिला मैत्री मिलन समारोह का जिला स्तरीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन



श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र सूखा जी में महिला मैत्री मिलन समारोह का जिला स्तरीय आयोजन किया गया, अखिल भारतीय तारण तरण दिगम्बर जैन महिला परिषद के तत्वधान में दमोह जिला महिला मंडल का मैत्री मिलन समारोह तारण तरण दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र सूखा निसई जी पथरिया में रविवार को आयोजित किया गया जिसमें संपूर्ण दमोह जिला के प्रत्येक स्थानों से महिला इकाई की सदस्य शामिल हुई। प्रथम चरण में मंदिर विधि का आयोजन किया गया एवं आगंतुक मंडलों का रजिस्ट्रेशन श्रीमती किरण जैन श्रीमती श्वेता जैन पथरिया श्रीमती संगीता जैन श्रीमती नीतू जैन बतियागढ़ द्वारा किया गया। जिसमें आगंतुक समस्त मंडलों की महिलाओं को तिलक माला एवं वेच लगाकर उनका स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में जिले से आए 22 मंडलों के महिला मंडलों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई इसके पूर्व दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पटेरा की श्रीमती नेहा जैन द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया मंगलाचरण के तत्पश्चात अतिथियों का महिला मंडल द्वारा सम्मान किया गया और अतिथियों के उद्बोधन हुए जिसमें उन्होंने महिला मंडल के इस आयोजन की खूब सराहना की एवं उनके सहयोग का आश्वासन दिया। तत्पश्चात विभिन्न मंडलों की प्रमुख सदस्यों द्वारा अपने मंडलों के कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई एवं आगामी समय में चैत्यालयों में पाठशालाओं का सुचारू संचालन हो इस हेतु अपनी कार्य योजना भी प्रस्तुत की गई साथ ही सामाजिक स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़कर कार्य करने पर एवं देश एवं समाज के हित में नारी की भूमिका आदि पर विचार व्यक्त किया गया महिला परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा जैन सागर महासचिव रोशनी जैन सतना कोषाध्यक्ष सुषमा जैन छिंदवाड़ा द्वारा सभी जिला के महिला मंडलों का अभिनंदन किया गया एवं तीर्थ क्षेत्र कमेटी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ, जिसमें प्रश्न मंच रविकुमारी,स्वाती जैन तेंदूखेड़ा का सहयोग रहा राष्ट्रीय कैडेट कोर के माध्यम से बेटियों को सशक्त बनाने वाली श्वेता जैन पथरिया का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती साधना जैन ,भावना जैन, स्वाती प्रधान दमोह , मोनिका जैन फुटेरा सारिका जैन बाकल एवं भूपेंद्र जैन दमोह द्वारा किया गया। दमोह जिला दमोह से फुटेरा, बटियागढ़, मंगरोन, गुगरा, खंडेरी पथरिया, दमोह केरवना, पटेरा, कुम्हारी, पिपरौधा, तेंदूखेड़ा, तारादेही समनापुर, तेजगढ़, बाकल, कटनी, भाट खमरिया, जबेरा, कुड़ई, सरिया, मंगोला , हर्रई , टोरी, देवरी, आदि मंडलों की उपस्थिति रही। आओ हम उत्सव मनायें की थीम पर संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सफल कार्यक्रम के लिए सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला महिला परिषद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हिनौता में हुआ आरएसएस का पथसंचलन कार्यक्रम



**हिनौताकलां।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में खण्ड हटा के ग्राम हिनौता कलां मण्डल के मुख्य ग्राम हिनौता कलां में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन दिनांक 12 अक्टूबर दिन रविवार को सायं 04 बजे से शासकीय माध्यमिक शाला प्रांगण, बस स्टेण्ड,हिनौता कलां से लगभग 100 की संख्या में स्वयंसेवकों द्वारा कस्बे में पथ संचलन शुरु कर मुख्य मार्गों से होते हुए करीब 2 किलो मीटर की दूरी तय कर बस स्टेण्ड होते हुए बापिस शासकीय माध्यमिक शाला प्रांगण हिनौता पहुंचे,जहां कई जगह स्वयंसेवकों का सम्मान स्वरूप पुष्प बर्षा की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खण्ड कार्यवाहक श्री साहू , सहकार्यवाहक रामदयाल पटेल, ब्रजेश पटेल, नर्मदा असाटी, विक्रांत उर्फ बंटी पटेल, नरेन्द्र चौकरया, शिवम पटेल, उत्कर्ष वर्धन पटेल का विशेष योगदान रहा। श्रीराम मार्केट में विक्रांत पटेल, महेन्द्र प्रताप, चंद्रकांत पटेल, सद्दू नामदेव, लकी सिंह, हिच्चन सेन सहित अनेक लोगों द्वारा पथसंचलन में सम्मिलित सभी स्वयंसेवकों पर पुष्पबर्षा कर नारे लगाकर स्वागत किया गया।

## संघ शताब्दी वर्ष पर बम्होरी माला में शस्त्र पूजन व पथ संचलन संपन्न



**बनवार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना वर्ष एवं शताब्दी पर्व के उपलक्ष्य में ग्राम बम्होरी माला में रविवार को शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ स्वयंसेवक श्री आत्माराम विश्वकर्मा जी रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में श्री जगदेव सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए हमें पंच परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ना होगा — जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी विचार और नागरिक कर्तव्य प्रमुख आधार हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब हर व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में अनुशासन, सेवा भावना और संस्कारों को अपनाए। इस अवसर पर संघगीत के साथ शस्त्र पूजन विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा गाँव की गलियों में पथ संचलन निकाला गया, जिसमें अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए स्वयंसेवकों ने "भारत माता की जय" और "जय श्रीराम" के नारों से वातावरण गूंजा दिया। कार्यक्रम में संघ के दायित्ववान स्वयंसेवक मनीष सिंह, देवेंद्र उपाध्याय, रीतेश राय, दरवारी लाल बड़ोनिया, मुल्लू सिंह, त्रिलोक सिंह, आदित्य राय, दीवान सिंह, नारायण नवल, दिनेश यादव, राजेंद्र यादव, नर्मदा राय, सोमदेव, अमन जैन और गोलू गोस्वामी सहित अनेक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में उपस्थित स्वयंसेवकों ने संघ प्रार्थना के साथ राष्ट्र एवं समाज की सेवा का संकल्प लिया।

# ग्लोबल आइकन बनने की दिशा में विश्व पटल पर आगे बढ़ता मध्य प्रदेश -राज्यमंत्री

**दमोह।** संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "आओ देखो अपना देश" के आह्वान से प्रेरित होकर मध्य प्रदेश सरकार पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में इस वर्ष का ट्रैवल मार्ट मध्य प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा ट्रैवल मार्ट है। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की घोषणा अनुसार अब यह आयोजन हर वर्ष नियमित रूप से किया जाएगा ताकि हम पिछले वर्ष के कार्यों, योजनाओं और प्रगति का मूल्यांकन कर सकें। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि इस भव्य आयोजन से न केवल प्रदेश की पर्यटन छवि को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। इस मार्ट ने मध्य प्रदेश की विविधता, संस्कृति, धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य को विश्व पटल पर नई ऊंचाई प्रदान की है। उन्होंने आगे कहा "माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम मध्य प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में एक ग्लोबल आइकन बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। पर्यटन का विस्तार केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित नहीं है, यह रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का भी सशक्त माध्यम है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि जैसे समुद्र मंथन से अमृत प्राप्त हुआ था, वैसे ही इस ट्रैवल मार्ट में हुए विचार-मंथन से निकले सार्थक निष्कर्षों को धरातल पर उतारने का कार्य हम सभी मिलकर करेंगे। उन्होंने सभी राज्यों के प्रतिनिधियों, प्रतिभागियों, टूर ऑपरेटर्स और अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से मध्य प्रदेश "हार्ट ऑफ इनक्रेडिबल इंडिया" से बढ़कर अब "ग्लोबल टूरिज़्म डेस्टिनेशन" बनने की ओर अग्रसर है। इस दौरान छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना, दिल्ली, महाराष्ट्र सरकार और फिक्की के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संगठन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**जबेरा।** पटेरा थाना अंतर्गत ग्राम सतरिया में हुआ घटनाक्रम मानवता को शर्मसार करने वाला अत्यंत अमानवीय कृत्य था जिसको लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन जबेरा के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय दमोह पहुंचकर के ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि उस दौरान वहां मौजूद सभी पर कठोर कार्रवाई की जाए जिससे मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने एसपी से तुरंत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार करने की मांग की। उक्त ज्ञापन सौंपने में भगवती मानव कल्याण संगठन की भगवती मानव कल्याण संगठन की प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह ठाकुर, सुजान सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष देवी सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## पीएम धन धान्य कृषि एवं दलहन आत्मनिर्भर मिशन योजना



**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गत शनिवार को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर पूसा, नई दिल्ली से पी.एम. कृषि धन धान्य योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के शुभारंभ सहित कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की कई परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कर किसान भाई बहनों को 42 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र, पन्ना में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव एवं प्रमण्डल सदस्य जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर संजीव खरे सहित तरूण पाठक, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन, कृषि विज्ञान केन्द्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.एन. त्रिपाठी, डॉ. आर.के. जायसवाल, डॉ. आर.पी. सिंह, रितेश बागोरा, देशराज प्रजापति, जया कोरी, दिव्यांशिका त्यागी, ज्ञानेन्द्र तिवारी, समीना यूसुफ तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण, कृषि महाविद्यालय पन्ना के छात्र एवं बड़ी संख्या में जिले के कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात अतिथियों एवं कृषकों द्वारा परिसर स्थित प्रदर्शन ईकाईयों का भ्रमण भी किया गया।

## भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। सभी किसान भाई 17 अक्टूबर तक अपना पंजीयन अवश्य कराएं ताकि इस योजना का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 17 अक्टूबर के बाद किसी भी प्रकार का पंजीयन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए किसान यह न सोचें कि तारीख आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा, 17 अक्टूबर तक ही पंजीयन होंगे, इसलिए सभी किसान भाई अपना पंजीयन समय पर करा लें। उन्होने कहा कि 1-2 दिन के भीतर मंडियों का भ्रमण शुरू किया जाएगा। इस दौरान सभी व्यवस्थाओं का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया जाएगा ताकि किसानों और व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और प्रशासन का संकल्प है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले। उन्होने कहा कि यदि किसी किसान या व्यापारी को भावांतर भुगतान या खरीदी प्रक्रिया में कोई समस्या आती है तो वे दमोह हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन उनकी शिकायतों का शीघ्र निराकरण करेगा।

# पुलिस अधीक्षक ने गोवर्धन पर्वत पर किया पौधारोपण



**बनवार।** जिले के प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ स्थल श्री जागेश्वर नाथ धाम के गोवर्धन पर्वत तालाब किनारे स्थानीय शिवभक्तों और श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान का समापन दमोह जिले के पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने किया। बांदकपुर चौकी परिसर में चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा द्वारा भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने बेल का पौधा और गोवर्धन तालाब किनारे गुलमोहर का पौधा रोपित किया। चौकी प्रभारी द्वारा वर्तमान चौकी परिसर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के प्रयासों की भी प्रशंसा की गई। श्री जागेश्वर नाथ मंडल द्वारा चलाए जा रहे दो माह से पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण अभियान की भी पुलिस अधीक्षक ने सराहना की। इस अवसर पर और कई शिव भक्त उपस्थित रहे।

हरिभूमि
# दमोह भूमि
10
जबलपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025
login : www.haribhoomi.com


**खबर संक्षेप**

### एक राष्ट्र एक चुनाव हेतु छात्र संवाद कार्यक्रम आज

**दमोह।** लोकहित में एक राष्ट्र एक चुनाव के बहुआयामी सकारात्मक परिणाम के परिपेक्ष में आज 14 अक्टूबर 2025 मंगलवार को शासकीय ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्नातकोत्तर दमोह मे स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन संगठन द्वारा एक छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट विवेक मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि आप बार-बार होने वाले चुनाव व राजनैतिक अस्थिरता बेडियों से लोकतंत्र को मुक्ति दिलाने का समय आ गया है और वर्तमान समय की भी यही मांग है। इसी क्रम में आज दमोह के शासकीय पीजी कॉलेज में छात्र संवाद कार्यक्रम दोपहर 12 से आयोजित किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयंत मलैया दमोह विधायक एवं मुख्य वक्ता डॉ.रोहन राय पूर्व राष्ट्रीय मंत्री अभाविप एवं प्रदेश संयोजक विदवम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विक्रांत चौहान जन भागीदारी समिति अध्यक्ष शासकीय पीजी कॉलेज एवं वशिष्ठ अतिथि प्रोफेसर डॉ. इंद्रेश जैन एवं एडवोकेट दीपक तिवारी अध्यक्ष बाल कल्याण समिति दमोह होंगे।

### तीन डम्पर अवैध गिट्टी परिवहन करते हुए जब्त

**दमोह।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन पर कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग द्वारा अवैध गिट्टी से भरे तीन डम्पर जब्त करके पुलिस अभिरक्षा में बटियागढ़ थाने में खड़े करवाए गए है। उपसंचालक खनिज फरहत जहां ने बताया आज तीन डम्पर अवैध गिट्टी परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्त कर थाना बटियागढ़ में सुरक्षार्थ खड़े कराए गए है।

## तहसीलदार ने किसानों को तीन दिन बाद खाद दिलाने का दिया आश्वासन

# हटा में खाद को लेकर किसानों ने तीसरी बार लगाया जाम

### आज ही खाद लेने पर अडिग रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

खाद की समस्या प्रशासन के लिए ऐसी अबूझ पहेली बन गई है जिसे प्रशासन जितना सुलझाने का प्रयास कर रहा है वो उतनी ही अधिक उलझती ही जा रही है। इसकी बानगी हटा में खाद के लिए हो रहा प्रदर्शन है। सोमवार को खाद नहीं मिलने से किसानों ने कृषि उपज मंडी के बाहर मुख्य सड़क पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। घंटों तक चले इस जाम को तहसीलदार आलोक जैन एवं थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर किसानों को समझाइश दी लेकिन किसान आज ही खाद वितरण की बात पर अडिग रहे काफी समझाइश के बाद सड़क जाम खुलवाया गया इस दौरान जाम में कई यात्री वाहनों में बैठे लोग गंतव्य तक पहुंचने का इंतजार करते रहे वहीं एक एंबुलेंस भी जाम में फंसी दिखाई दी। जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी में स्थित डबल लॉक जहां सोमवार को खाद का वितरण किया जा रहा था, लेकिन कुछ समय बाद ही गोदाम संचालकों ने खाद वितरण यह कहते हुए बंद कर दिया कि खाद खत्म हो गया है। जिससे 10 -15 दिन पहले टोकन लेकर खाद लेने का इंतजार कर रहे किसानों का आक्रोश फट पडा और उन्होंने पहले





मंडी परिसर के बाहर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि नई व्यवस्था के तहत टोकन के माध्यम से खाद वितरण किया जा रहा है। सभी किसानों ने दस दिनों पहले कम मात्रा में खाद मिलने के टोकन ले लिए थे इसके बावजूद भी उसी उम्मीद में खाद लेने यहां आए थे, लेकिन टोकन होने के बावजूद प्रबंधन ने खाद खत्म होने की बात कहते हुए उन्हें खाद वितरण से मना कर दिया। जिससे अपना काम छोडकर खाद लेने के लिए आने पर उनका समय और मेहनत व्यर्थ चली गई और अब मानसिक परेशानी भी हो रही है। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने किसानों को समझाइश देकर प्रदर्शन समाप्त कराने कोशिश की।

साथ ही उन्हें 17 अक्टूबर को खाद आवंटन आते ही सबसे पहले खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद किसानों का आक्रोश शांत हुआ और उन्होंने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। जिससे बटियागढ़ छतरपुर मुख्य मार्ग पर आवागमन बहाल हो सका। उल्लेखनीय है कि जिले के अधिकारी खाद का स्टॉक भेजने के निर्देश दे रहे हैं तो फिर प्रश्न यही उठ रहा है कि अगर प्रशासन किसानों को खाद की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में कर रहा है तो फिर अव्यवस्थाएं कहां हो रही हैं जिसके लिए किसानों को जाम लगाने की नौबत पड़ रही है। ज्ञात होगा कि इसके पहले भी किसानों द्वारा खाद के लिए विगत दिनों दो बार जाम लगाया गया था।

### गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन कल

**दमोह।** देव संस्कृति के निर्माता यज्ञ पिता एवं गायत्री माता के जयघोष के साथ दमोह में गायत्री महायज्ञ की तैयारियाँ प्रारंभ हो गई हैं। गायत्री परिवार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्र, शौर्य, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की भावना के साथ 108 कुंडीय श्री गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन आगामी माह 2 नवम्बर से 5 नवम्बर तक श्री गायत्री प्रज्ञापीठ, बड़ी देवी मंदिर परिसर में किया जाएगा। महायज्ञ के प्रथम दिन 2 नवम्बर को भव्य कलश यात्रा शहर में निकाली जाएगी। इसी आयोजन की तैयारियों के शुभारंभ हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम 15 अक्टूबर (बुधवार) को दोपहर 3:00 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न होगा। इस अवसर पर प्रदेश के मंत्री द्वय, सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक सहित अनेक जनप्रतिनिधियों के उपस्थित रहने की संभावना है। गायत्री परिवार ने दमोह व आसपास के श्रद्धालु नागरिकों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर भूमि पूजन कार्यक्रम में सहभागी बनें और इस महायज्ञ के माध्यम से विश्व कल्याण की भावना में अपनी सहभागिता निभाएँ।

# रेल कर्मचारी का संदिग्ध हालात में शव मिला

**दमोह।** दमोह सागर रेल ट्रैक पर एक रेल कर्मचारी का संदिग्ध हालात में शव मिलने के बाद उसकी मौत को लेकर सवाल उठाए जा रहे है। रेल कर्मी की मौत हादसा है या फिर हत्या इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट व पुलिस जांच के बाद ही लग सकेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरवर- लिधोरा स्टेशन के बीच रेल पटरियो के बीच किसी रेल कर्मचारी के बेशुध पड़े होने की सूचना सानौधा थाना प्रभारी को मिली थी। जिसके बाद रविवार रात सात बजे एसआई बालाराम छारी, एएसआई मुलायम सिंह मराबी आरक्षक फैजान खाँन ट्रेक्टर ट्राली लेकर घटना स्थल पर रवाना हुए। लेकिन रास्ते में कीचड़ होने और अन्य वाहन के नहीं पहुंच पाने की वजह से बाद में दूसरे रास्ते से ट्रैक्टर की मदद से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। चेकअप किए जाने पर रेल कर्मी की सांसे थमी पाई गई। मृतक के जेब से निकले मोबाईल फोन से उस की पहचान प्रभात पिता अच्छेलाल पटैल उम्र 32 साल निवासी ग्राम नकबेल थाना चुरहट जिला सीधी के रूप में हुई। जो कि दमोह जिले की असलाना स्टेशन पर पोन्समेन के पद पर पदस्थ था। पुलिस ने घटना की सूचना असलाना स्टेशन मास्टर सहित परिजनो को देते हुए और शव का पचनांमा कार्यवाही कर शव को मौके से रवाना कराया। इस दौरान परसोरिया निवासी हल्ले भाई लोधी एवं राज विश्वकर्मा की मदद से स्ट्रेचर से एक किलोमीटर पैदल लाकर ट्रेक्टर ट्राली की मदद से जिला चिकित्सालय सागर मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया। सोमवार को परिजनो के आने के बाद शव का पोस्ट मार्टम करवा कर शव को परिजनो के शुपुर्द कर दिया।



### भूमि के मुददो एवं वन विभाग की तानाशाही के विरूद्ध एकता परिषद ज्ञापन सौपेंगा

**हिण्डोरिया।** जन संगठन एकता परिषद के बैनर तले दमोह जिले के विभिन्न ग्रामों के सैकड़ों आदिवासी एवं समस्या ग्रस्त ग्रामीणजन कलेक्टर व्दारा आयोजित जनसुनवाई में रैली के माध्यम से पहुंचकर वन एवं राजस्व भूमि के मुद्दे एवं वन विभाग की तानाशाही रोकने को अपना ज्ञापन सौंपेंगे। इस संबंध में एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने बताया कि दमोह जिले भर मे में वन अधिकार कानून का सक्रिय क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, वनाधिकार कानून के त्रुटि पूर्ण वन पत्रों में सुधार करने, वन पत्र धारक आदिवासियों का पंजीयन कर उन्हें पीएम किसान सम्मान निधी योजना की राशी प्रदान करने, बरसों से राजस्व भूमि पर काबिजों को भू- स्वामित्व हक का पट्टा देने, चौरईया लमती नाला से पाटन गाँव तक पक्की सड़क निर्माण कार्त कराने, पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन प्रबन्धन ((वन विभाग) के द्वारा आदिवासियों की जमीन पर लगी फसल उजाड़ने एवं आदिवासियों के टपरों में आग लगाने जैसे मुद्दों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। साथ ही कलेक्टर से भूमि के मुददो के धरातलीय एवं स्थायी समाधान के लिये जन संगठन एकता परिषद एवं जिले के भूमि के मसलों पर कार्य करने वाले सामाजिक संगठनों एवं कार्यकर्ताओ के साथ जिला समन्वय बैठक आयोजित करने की विशेष मांग की जायेगी।

# राशन दुकान से राशन चुराने वाले पकड़े

**दमोह।** ग्राम हरई एवं सुनवाही शासकीय राशन दुकान से हुई राशन चोरी का तेजगढ़ पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 26.07.25 की दरम्यानी रात ग्राम सुनवाही राशन दुकान से 52 बोरी राशन एवं दिनांक 12.09.25 की दरम्यानी रात ग्राम हरई राशन दुकान से 55 बोरी राशन जो वितरण हेतु रखा था अज्ञात चोरो द्वारा राशन दुकान का ताला तोड़कर चोरी कर लिया गया था। सूचना पर अपराध क्र. 166/25 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस एवं अपराध क्र. 192/25 धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा सूक्ष्मता से जांच कर माल मशरूका जप्ती के निर्देश दिये थे, जो प्रकरण के सघन विवेचना करते हुये अति. पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन, एसडीओपी महोदय तेदूखेड़ा के मार्गदर्शन में दमोह सिविल वार्ड नं. 03 निवासी रिंकू बंशकार, वाटू उर्फ छोटू वंशकार, ओम वंशकार एवं कैलाश वंशकार को दस्तयाब कर कड़ाई से पूछताछ की गई जो उनके द्वारा उक्त राशन दुकानो में घटना दिनांक को अपनी गैंग की मदद से राशन चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियो द्वारा जिला दमोह एवं सागर के विभिन्न थाना क्षेत्रो में वारदात करना भी स्वीकार किया। गैंग का मुख्य सरगना मंगल वंशल फरार है। आरोपियो की निशादेही पर माल मशरूका जप्त किया गया है एवं आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। आरोपियो की दस्तयाबी में थाना तेजगढ़ से थाना प्रभारी उप निरीक्षक अरविंद सिंह के अलावा सउनि सतेन्द्र सिंह राजपूत, प्र.आर. रघुराज सिंह, आर. चैनसिंह, आर. राजन, आर. प्रवीण, आर. देवराज, आर. प्रमोद, आर. उमेश आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।




# न्यायाधीश का अपमान करना सोची समझी सजिश

**दमोह।** प्रदेश अनुसूचित विभाग के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के आहवान पर जिला अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष अजय जाटव के नेतृत्व मे माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दलित वर्ग के आने वाले मुख्य न्यायाधीय बी.आर.गबई के विरूध दूषित मानसिकता वाले अधिवक्ता द्वारा अशोभनीय अमर्यादित टिप्पणी पर जूता फेकने का प्रयास को लेकर जिला न्यायालय के सामने अनुसूचित वर्क के कांग्रेस कार्यकर्ताओ अधिवक्ताओ द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देते समय जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा देश की प्रमुख सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता द्वारा जो कृत्य किया गया वह आजादी के 78 वर्ष बाद भी यदि देश दलित मुख्य न्यायाधीश का अपमान किया जा सकता है तो सामान्य व्यक्ति कैसे सुरक्षित होगा। अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष अजय जाटव ने कहा कि भाजपा एवं आरएसएस से जुड़ी मानसिकता वाला अधिवक्ता जिसको केन्द्र एवं राज्य सरकारो का संरक्षण प्राप्त है वही यह कृत्य कर सकता है उस पर एसआईआर कार्रवाई की जाये। मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, लालचंद राय, परम यादव, विजय बहादुर, नितिन मिश्रा, वीरेन्द्र राजपूत, भूपेन्द्र आजवानी, बबलू भट्ट, कमला निषाद, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, रियाज खान, खिल्लू ठाकुर, अभितेन्द्र यादव, अनुज ठाकुर के साथ जिला दमोह न्यायालय के अधिवक्ता वीरेन्द्र दबे, अनुनय श्रीवास्तव, नारायण चक्रवर्ती, मुख्तार जाफरी, डिम्पल बेन, लक्ष्मण ठाकुर, अमित ठाकुर, राजेन्द्र चौधरी, असमल खान, शाहिद खान, नीरज भारत अहिरवार ने भी नारेबाजी करते हुए कहा कि जब देश की सर्वोच्च न्यायालय में दलित जज का अपमान हो सकता है तो निचली आदालतो में फिर कोई सरफिरा अधिवक्ता कुछ भी कर सकता है। इस अवसर पर मानक अहिरवार, हुकुमचंद, सोनू गायकवाढ़, राजा अहिरवार, दिलीप अहिरवार, पप्पू कसोटया, गोपाल मासाब, दीपक अहिरवार, प्रदीप अहिरवार, नीरज लक्ष्मण, हेमेन्द्र अहिरवार, यशवंत अठ्या, हरिशंकर अहिरवार, धनसिंह, खुमान सिंह सहित अधिवक्ताओ एवं दलित समाज के व्यक्तियो की उपस्थिति रहीं।



### लघु वेतन कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह के जिलाध्यख प्रमोद अहिरवार ने कर्मचारियों की 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता श्रीमान कलेक्टर महोदय द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा पर प्रधान कार्यालय भोपाल के आहवाहन पर दीपावली पर्व पर भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों को त्यौहार के अवसर पर 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की घोषणा की गई है किन्तु म.प्र. सरकार ने राज्य के कर्मचारियों को 3 प्रतिशत भत्ते की घोषणा नहीं की है। राज्य के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी दीपावली के शुभ अवसर पर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण करवाने के लिए मॉग पूर्ति हेतु पत्र की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है एवं दूसरों पत्र स्थाई कर्मी, अंशकालीन हेतु सादर प्रेषित है एवं दूसरा पत्र स्थाई कर्मी, अंशकालीन सफाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी रसोइया स्वास्थ्य विभाग छात्रावास चौकीदार अंशकालीन कर्मचारियों की दीपावली पूर्व वेतन भुगतान किया जाये जिससे कर्मचारियों के परिवार में दीपावली की पूजा हेतु आर्थिक कठिनाईयों का सामना न करना पड़े आदि मांगो को लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा।

# पटाखा व्यापारियों ने विधायक को बताई समस्याएं



**दमोह।** दमोह के पटाखा व्यापारियों ने दमोह विधायक जयंत मलैया जी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मलैया जी ने तत्काल दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर एवं एसडीएम बागरी जी से चर्चा कर समाधान के निर्देश दिए। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने भी व्यापारियों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। सकल हिन्दू समाज के जिला अध्यक्ष कपिल सोनी, पंडित मनीष तिवारी, एवं मोंटी रैकवार ने व्यापारियों से आग्रह किया कि हिन्दू समाज के सबसे बड़े पर्व दीपावली को मनाने में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी। साथ ही सभी से अनुरोध किया कि पिछले वर्ष की तरह मनमाने या अत्यधिक दामों पर आतिशबाज़ी और पटाखों की बिक्री न हो, ताकि सभी मिलकर खुशहाल और सुरक्षित दीपावली मना सकें।

# ज्ञानोदय विद्यालय में 'रन फॉर डीएवी' का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

सीमेंट प्लांट नरसिंहगढ़ स्थित डीएवी ज्ञानोदय विद्यालय में डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी (सीएमसी), नई दिल्ली के तत्वावधान में ₹रन फॉर डीएवी₹ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक आयोजन में कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। सभी छात्रों ने उत्कृष्ट अनुशासन का परिचय दिया और पूरे जोश के साथ विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। विद्यार्थियों ने मायसेम स्टाफ कॉलोनी की लगभग सभी गलियों में दौड़ते हुए लगभग 3 किलोमीटर की दौड़ पूरी की, जिससे यह कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा। इस दौरान, न केवल विद्यार्थियों का शारीरिक कौशल दिखाई दिया, बल्कि उनकी एकता और समर्पण की भावना भी प्रदर्शित हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. कुर्मवंशी एवं समस्त शिक्षकवृंद उपस्थित रहे। साथ ही, कंपनी के कई अधिकारी और कर्मचारी भी बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए मौजूद थे। कॉलोनी वासियों ने भी जगह-जगह खड़े होकर बच्चों का जोरदार उत्साहवर्धन किया। इकाई प्रमुख एवं स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री सुरेश दुबे जी ने कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम की समाप्ति पर, विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. कुर्मवंशी ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा, ₹हमारे विद्यार्थियों ने न केवल अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी यह ऊर्जा निश्चित रूप से उन्हें भविष्य में बड़ी सफलताएं हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। मैं सभी शिक्षकों और कंपनी स्टाफ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

# राजेंद्र खरे चार माह बाद फिर बने हटा सीएमओ

### नगरी विकास मंत्रालय ने किया आदेश जारी

**हटा।** नगर पालिका परिषद हटा की सुर्खियों में रहने वाले तत्कालीन प्रभारी सीएमओ राजेंद्र खरे का स्थानांतरण विगत 4 माह पूर्व सिंगरौली में राजस्व निरीक्षक के पद पर स्थानांतरण किया गया था जहां उनका पुनः नगरी विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा राजेंद्र खरे का सिंगरौली से स्थानांतरण कर पुनः प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद हटा बनाए जाने का आदेश जारी किया गया जिसकी खबर सोमवार की शाम नगर में आज की तरह फैल गई। दरअसल सीएमओ राजेंद्र खरे का स्थानांतरण सिंगरौली हो जाने की बावजूद भी उनके द्वारा लगातार अवकाश पर रहकर वह हटा में ही डेरा डाले रहे जिससे सीएमओ राजेंद्र खरे की पुनः हटा वापसी के कयास लगाई जा रहे थे अब देखना होगा कि वह अपनी कार्य प्रणाली को लेकर पूर्व की भांति सुर्खियों में रहेंगे।



# दीपावली के लिये दीयों को आकर्षक रूप देने में जुटे कुम्हार



**हटा।** दीपों का पर्व दिवाली अब एकदम निकट है। इस पर्व के मद्देनजर कुम्हारों द्वारा दीए, कलश बनाए जाने के साथ दीए को डेकोरेट कर आकर्षक रूप देने का काम किया जाने लगा है जिसे धनतेरस के पहले बाजार में लांच किया जाएगा। दरअसल दिवाली रौशनी का पर्व होता है। इस पर्व में दीयों की रौशनी से पूरा शहर जगमगाता है। पूजा के समय घर-घर दीए जलाए जाते हैं। प्रतिष्ठानों में भी दीयों की रौशनी की जाती है। आजकल सामान्य दीयों के अलावा मिट्टी के डिजाइनर दीयों की इस समय भारी मांग रहती है। जिसकी आपूर्ति करने कुम्हारों के युवा, बच्चे माह भर पहले दीयों को डेकोरेट करने का काम शुरू कर देते हैं। इससे दिवाली के निकट आते ही बाजार में विविध तरह के दीए दिखने लगते हैं और लोग अपनी बजट व पसंद अनुसार इसकी जमकर खरीददारी करते हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील देशवासियों से की है। जिसका असर अब दिखने लगा है। दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा हटा के कुम्हार समुदाय के लोग डिजाइनर मिट्टी के दियों का निर्माण करने में दिन रात लगे हुए हैं। बरखेडा गांव के भूपेंद्र प्रजापति ने बताया कि दीपावली के एक माह पूर्व से पूरा परिवार अपने पारंपरिक काम मिट्टी के दीया बनाने में जुटा हुआ है तथा इस कार्य में पिताजी के साथ हाथ बटा रहे हैं। भूपेंद्र ने बताया कि दीपावली में उपयोग होने वाले ये दीया पूर्णता मिट्टी के रहते हैं कच्चे मटेरियल से लेकर रहने आकर्षक रूप देने में सारी चीजें पर्यावरण फ्रेंडली इस्तेमाल होती हैं, दीपावली के नजदीक आते ही करीब 10-15 दिन का यह व्यवसाय रहता है, जिले के साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी इनकी बिक्री कर वे अपनी जीविकोपार्जन का इंतजाम करते हैं।